**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—0309**

**PAPER—II**

# PHILOSOPHY

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# PHILOSOPHY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Which one of the following ; correctly matched ?

(A) *Akās′a, Kāla, Dik* (B) *Dravya, Atmā, Rasa*

(C) *Padārtha, Guṇa, Buddhi* (D) *Pṛthivi Apa Abhāva*

**2.** According to Plato the soul is composed of :

(A) reason, faith and appetite (B) spirit, faith and appetite

(C) reason, faith and spirit (D) reason, spirit and appetite

**3.** Russell's atomic facts are :

(A) facts of atomic physics (B) sense-date

(C) facts in logical space (D) elements of atomic prepositions

**4.** Match according to the Nyāya-Vais′esika view ***List-I*** (Substances) with ***List-II*** (Qualities) and choose the correct answer from the code given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ātman | (i) | Rasa |
| (b) | Prithvi | (ii) | Śabda |
| (c) | Jala | (iii) | Gandha |
| (d) | Ākas′a | (iv) | Jñana |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

## दर्शनशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** निम्नांकित में से कौन सा एक सुमेलित है :

(A) आकाश, काल, दिक्
(B) द्रव्य, आत्मा, रस
(C) पदार्थ, गुण, बुद्धि
(D) पृथ्वी, जल, अभाव

**2.** प्लेटो के अनुसार आत्मा निर्मित है :

(A) तर्क, श्रद्धा एवं क्षुधा से
(B) चिद्–तत्त्व, श्रद्धा एवं क्षुधा से
(C) तर्क, श्रद्धा एवं चिद्–तत्त्व से
(D) तर्क, चिद्–तत्त्व एवं क्षुधा से

**3.** रसेल के आणुविक तथ्य हैं :

(A) आणविक भौतिकी के तथ्य
(B) इन्द्रिय प्रदत्त
(C) तार्किक दिक् में तथ्य
(D) आणविक प्रस्थापनाओं के तत्त्व

**4.** न्याय–वैशेषिक के अनुसार **सूची**-**I** (द्रव्यों) को **सूची**-**II** (गुणों) से सुमेलित कीजिए और निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | आत्मा | (i) | रस |
| (b) | पृथ्वी | (ii) | शब्द |
| (c) | जल | (iii) | गंध |
| (d) | आकाश | (iv) | ज्ञान |

***कोड :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

5. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Leibniz | Pragmatic Theory of truth |
| (B) | Descarts | Correspondence theory of truth |
| (C) | William James | Coherence theory of truth |
| (D) | Spinoza | The self evident theory of truth |

6. Which one of the following pairs is **correctly** matched ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Jeon Paul Sortre | Existence precuds essence |
| (B) | Edmand Husserl | The Vienna circle |
| (C) | G.E. Moore | Logical Atomism |
| (D) | A.J. Ayer | Eidetic reduction |

7. Match **List-I** with **List-II** and choose the **correct** answer from the code given below :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Gilbert Ryle | (i) | Utilitarianism |
| (b) | J. Kant | (ii) | Category mistake |
| (c) | Jormy Bentham | (iii) | Picture theory of meaning |
| (d) | Ludving Wittgenstion | (iv) | Categorical Imperative |

***Code :***

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

5. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक सही सुमेलित है ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | लाइब्निज़ | सत्य का संवादिता सिद्धान्त |
| (B) | देकार्त | सत्य का अर्थक्रिया सिद्धान्त |
| (C) | विलियम जेम्स | सत्य का संसक्तता सिद्धान्त |
| (D) | स्पिनोज़ा | सत्य का स्वतः-साक्ष्य सिद्धान्त |

6. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सुमेलित है ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ज्याँ पाल सार्ज | अस्तित्व सार का पूर्ववर्त्ती है |
| (B) | एडमण्ड हुसर्ल | दि वियना सर्कल |
| (C) | जी.ई. मूर | लॉजिकल एटोमिज़्म |
| (D) | ए.जे. एयर | आयडेटिक रिडक्शन |

7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | गिलबर्ट राईल | (i) | उपयोगितावाद |
| (b) | जे. काण्ट | (ii) | कोटि दोष |
| (c) | जेर्मी बेन्थम | (iii) | अर्थ का चित्रात्मक सिद्धान्त |
| (d) | लुडविग विटगेन्स्टाइन | (iv) | निरपेक्ष आदेश |

***कूट :***

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

8. Match **List-I** (Nature of substance and its quality) with **List-II** (Names of Philosophers/ school) and select the **correct** answer using the codes given below :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Belief in one absolute substance and two relative substances | (i) | Buddhism |
| (b) | Denial of substance that has no parimāna | (ii) | Locke |
| (c) | Ides of substances are obtained through either sensation or reflaction | (iii) | Descarts |
| (d) | Denial of substance | (iv) | Nyāya Vais′esika |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

9. Which one of the following is **not** correctly matched ?

(A) S. Radhakrishnan (i) *"Classical Indian Philosophy"*

(B) Ludning Wittgenstein (ii) *"Philosophical Investigations"*

(C) K.C. Bhattacharya (iii) *"Studies in Philosophy"*

(D) Bertrand Russell (iv) *"An Enquiry into Meaning and Truth"*

10. Which one of the following is ***not*** correctly matched ?

(A) Śabara – *Yogabhāṣya*

(B) Vātsyāyana – *Nyāyabhāsya*

(C) Pras′astapāda – *Kanādabhāsya*

(D) Śaṅkara – *Brahmasutrabhāṣya*

8. सूची-I (द्रव्य का स्वरूप और उसका गुण) को सूची-II (दार्शनिकों के नाम/दर्शन संप्रदायों, से सुमेलित कीजिए और निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | एक निरपेक्ष द्रव्य और दो सापेक्ष द्रव्यों में विश्वास | (i) | बौद्ध-दर्शन |
| (b) | परिमाण रहित द्रव्य की अस्वीकृति | (ii) | लॉक |
| (c) | द्रव्यों के प्रत्यय या तो संवेदना द्वारा या फिर अनुचिन्तन द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। | (iii) | देकार्त |
| (d) | द्रव्य की अस्वीकृति | (iv) | न्याय-वैशेषिक |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

9. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है ?

(A) सर्वपल्ली राधाकृष्णन (i) *''क्लासिकल इन्डियन फिलोसफी''*

(B) लुडनिंग विट्गेन्स्टाइन (ii) *फिलॉसोफिकल (इन्वेस्टिगेशन)*

(C) के.सी. भट्टाचार्य (iii) *स्टडीज़ इन फिलोसफी*

(D) बर्टेन्ड रसेल (iv) *एन इन्क्वारी इनटो मीनिंग एण्ड ट्रूथ*

10. निम्नांकित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) शबर – योगभाष्य

(B) वात्स्यायन – न्यायभाष्य

(C) प्रशस्तपाद – कणादभाष्य

(D) शंकर – ब्रह्मसूत्रभाष्य

11. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *List-I* | *List-II* |
|---|---|---|
| (A) | Prabhākara | Satkhyati |
| (B) | Naiyayika | Anyathakhyāti |
| (C) | Sāmkhya | Atmakhyāti |
| (D) | Yogacāra | Akhyāti |

12. According to St. Aquinsas as the view that the world has 20 begining in time :

(A) is contradicted by revelation

(B) would imply that God is not the creator of the world

(C) world contradict the doctrine of 'creation from nothing'

(D) is a philosophical absurdity

13. The theory which holds that the word is not a product of sentence - analysis lent an autonomous unit of meaning is known as :

(A) Abhihitānvayavāda (B) Anvitābhidhānavāda

(C) Sphotavāda (D) Neither of them

14. According to Pontheism God is :

(A) material cause of the world

(B) efficient cause of the world

(C) both material and efficient cause of the world

(D) neither material nor efficient cause of the world

15. Descartes' method of Doubt is centrally aimed at :

(A) methodological scepticism (B) self knowledge

(C) systematic discovery of truth (D) rejection of empiricism

16. Husserl's "phenomenological reduction" is concerned with :

(A) reduction of material objects to sense-data

(B) reduction of noumeno to phenomena

(C) isolating the content of experience from any reference to existence

(D) reducing the ending self to discrete mental states

11. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सुमेलित है?

| | ***सूची-I*** | ***सूची-II*** |
|---|---|---|
| (A) | प्रभाकर | सत्ख्याति |
| (B) | नैयायिक | अन्यथाख्याति |
| (C) | सांख्य | आत्मख्याति |
| (D) | योगाचार | अख्याति |

12. ऐक्विनस के अनुसार यह मत् कि जगत् अनादि है :
   (A) इलाहम द्वारा खंडित होता है।
   (B) यह लक्षित करेगा कि ईश्वर जगत् का रचयिता नहीं है।
   (C) 'शून्य से सृष्टि' के मत को खंडित करेगा।
   (D) एक दार्शनिक विसंगति है।

13. शब्द वाक्य विश्लेष से उत्पन्न नहीं होता है अपितु वह अर्थ की स्वतंत्र इकाई है – यह मत है :
   (A) अभिहितान्वयवाद
   (B) अन्विताभिधानवाद
   (C) स्फोटवाद
   (D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

14. सर्वेश्वरवादिओं के अनुसार ईश्वर है :
   (A) संसार का उपादान कारण
   (B) संसार का निमित्त कारण
   (C) संसार का उपादान एवं निमित्त कारण दोनों
   (D) न तो संसार का उपादान नही निमित्र कारण

15. देकार्त्त की संशय की पद्धति का मुख्य लक्ष्य है :
   (A) प्रणालीगत संशयवाद
   (B) आत्म ज्ञान
   (C) सत्य की क्रमबद्ध खोज
   (D) अनुभववाद का निराकरण

16. हुसरल की "दृश्यप्रपंचशास्त्रीय अपचयन" सम्बद्ध है :
   (A) भौतिक पदार्थों का इन्द्रिय प्रदत्तों में अपचयन
   (B) परमार्थ का दृश्यजगत् में अपचयन
   (C) सत्ता के किसी भी सन्दर्भ से अनुभव तत्त्व का अलगाव
   (D) शाश्वत आत्मतत्त्व का विशेष मानसिक अवस्थाओं में अपचयन

17. By the expression “the face of entire universe” spinoza means :

(A) the infinite collection of particular extended object in nature

(B) the universe conceived as a single indivisible nature

(C) the way the universe appears to God

(D) the way the universe appears to us

18. In Hegel the antithesis of being and Non-being is overcome by :

(A) Absolute spirit (B) Pure consciousness

(C) Becoming (D) Self realisation of spirit

19. Which of the following is ***not*** a primary quality according to Locke ?

(A) extension (B) hardness

(C) motion (D) solidity

20. What leibniz means by “windowless monads” is that monads are :

(A) inherently unconscious

(B) confusedly conscious

(C) incapable of knowledge of the external world

(D) closed to interaction with one another

21. Which of the following is ***not*** a synthetic apriori judgement according to Kant ?

(A) 9+7=16

(B) All bodies have weight

(C) All bodies have specific gravity

(D) Every change has a cause

17. ''समस्त विश्व की आकृति'' इस अभिव्यक्ति से स्पिनोजा का तात्पर्य है :

(A) प्रकृति में विशिष्ट विस्तृत पदार्थों का अनन्त समूह

(B) एक अविभाज्य प्रकृति के रूप में विश्व की समझ

(C) विश्व जिस रूप में ईश्वर को प्रतीत होता है।

(D) विश्व जिस रूप में हमें प्रतीत होता है।

18. हेगेल के दर्शन में सत् एवं असत् प्रतिपक्ष समाप्त होता है :

(A) परम प्रत्यय में

(B) शुद्ध चेतना में

(C) संभूति में

(D) चित् के आत्मसाक्षात्कार में

19. निम्नांकित में से कौन एक लॉक के अनुसार प्राथमिक गुण नहीं है?

(A) विस्तार

(B) कठोरता

(C) गति

(D) ठोसपन

20. 'गवाक्षहीन चिद्णु' से लाइबनीज का तात्पर्य है कि चिदणु हैं :

(A) अन्तर्भूत रूप से अचेतन

(B) भ्रान्त रूप से चेतन

(C) बाह्य जगत् के ज्ञान में अक्षम

(D) परस्पर क्रियाप्रति क्रिया में असमर्थ

21. काण्ट के अनुसार निम्नोक्त में से कौन प्रागनुभविक संश्लेषणात्मक निर्णय नहीं है?

(A) 9+7=16

(B) सभी वस्तुयें भारवाली होती है।

(C) सभी वस्तुओं का आपेक्षिक घनत्व होता है।

(D) प्रत्येक परिवर्तन का कारण होता है।

**22.** According to Hume, the contrary of every matter of fact is possible because :

(A) it can never imply a contradiction

(B) the contrary is never a contradictory

(C) matters of fact are merely historically true

(D) We do imagine contrary - to - fact situations

**23.** Who propounds that asecnt without descent is unthinkable ?

(A) Tagore (B) Iqbal

(C) Radhakrishnan (D) Sri Aurobindo

**24.** The correct sequence of evolutionary journey from Higher mind to supermind of Sri Aurobindo is :

(A) Highermind, Overmind, Supermind, Illuminedmind, Intuitivemind

(B) Intuitivemind, Overmind, Highermind, Supermind, Illuminedmind

(C) Illuminedmind, Intuitivemind, Overmind, Highermind, Supermind

(D) Highermind, Illuminedmind, Intuitivemind, Overmind, Supermind

**25.** The correct sequence of three jewels of Jainism is :

(A) Samyaka darshan, Samyaka Jñāna and Samyaka Chāritra

(B) Samyaka, Jñāna, Samyaka darshan and Samyaka Chāritra

(C) Samyaka Chāritra, Samyaka Jñāna and Samyaka darshan

(D) Samyaka darshan, Samyaka Chāritra and Samyaka Jñāna

**26.** Syādvāda is :

(A) Sceptical (B) Rationalistic

(C) Empiricist (D) Relativistic

22. ह्यूम के अनुसार प्रत्येक वस्तु स्थिति का विरोध सम्भव है क्योंकि :

(A) यह व्याघात को कभी भी निगमित नहीं कर सकता है।

(B) विरोध कभी भी व्याघातक नहीं होता है।

(C) वस्तु स्थितियाँ मात्र ऐतिहासिक रूप से सत्य होती हैं।

(D) वस्तु स्थिति से विरोधी स्थिति की हम कल्पना कर सकते हैं।

23. कौन प्रतिपादित करता है कि अवतरण के बिना आरोहण अविचारणीय है?

(A) टैगोर
(B) इकबाल
(C) राधाकृष्णन्
(D) श्री अरविन्द

24. श्री अरविन्द की उच्चतर मन से अतिमन तक वैकासिकी यात्रा का सही क्रम है :

(A) उच्चतरमन, ऊर्ध्वमन, अतिमन, प्रदीप्तमन एवं अन्तर्मासिकमन

(B) अन्तर्मासिकमन, ऊर्ध्वमन, उच्चतरमन, अतिमन, प्रदीप्तमन

(C) प्रदीप्तमन, अन्तर्मासिकमन, ऊर्ध्वमन, उच्चतरमन, अतिमन

(D) उच्चतरमन, प्रदीप्तमन, अन्तर्मासिकमन, ऊर्ध्वमन, अतिमन

25. जैनदर्शन के त्रिरत्न सिद्धान्त का सही क्रम है :

(A) सम्यक् दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र

(B) सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन एवं सम्यक चरित्र

(C) सम्यक चरित्र, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक दर्शन

(D) सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र एवं सम्यक ज्ञान

26. स्याद्वाद है :

(A) संशयवादी
(B) बुद्धिवादी
(C) अनुभववादी
(D) सापेक्षतावादी

**27.** The correct sequence of external aids to yoga of Patanjali is :

(A) Pratyāhāra, Prāṇāyāma, Āsana, Niyama and Yama

(B) Prāṇāyāma, Pratyāhāra, Āsana, Niyama and Yama

(C) Āsana, Pratyāhāra, Prāṇāyāma, Niyama and Yama

(D) Yama, Niyama, Āsana, Prāṇāyāma and Pratyāhāra,

**28.** Who among the following does hold that even the liberated souls differ in degrees :

(A) Sankara (B) Rāmānuja

(C) Madhva (D) Gauḍpāda

**29.** *Parimana* of *manas* according to Vais'eṣika school is :

(A) *Bibhu Parimāṇa* (B) *Mahat Parimāṇa*

(C) *Anuparimāṇa* (D) *Misra Parimāṇa*

**30.** Which system among the following holds that liberated souls lack even consciousness :

(A) Nyāya (B) Jaina

(C) Samkhya (D) Yoga

**31.** What is the correct sequence of the following ? Choose the correct answer from the given code :

(i) Bradley

(ii) Leibnitz

(iii) Russell

(iv) Hegel

***Code :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (ii) | (i) |

27. पतंजलि के योग के बहिरंग साधनों का सही क्रम है :

(A) प्रत्याहार, प्राणायाम, आसन, नियम और यम

(B) प्राणायाम, प्रत्याहार, आसन, नियम और यम

(C) आसन, प्रत्याहार, प्राणायाम, नियम और यम

(D) यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार

28. निम्नांकित में से किसका यह मत है कि मुक्त आत्माओं में मात्रा भेद होता है?

(A) शंकर (B) रामानुज

(C) माधव (D) गौणपाद

29. वैशेषिक दर्शन के अनुसार मन का परिमाण होता है :

(A) विभु परिमाण (B) महत परिमाण

(C) अनुपरिमाण (D) मिश्र परिमाण

30. निम्नांकित में से कौन सा दर्शन इस मत को स्वीकार करता है कि मुक्त आत्मायें चेतना नहीं होती है :

(A) न्याय (B) जैन

(C) सांख्य (D) योग

31. निम्नलिखित का सही क्रम क्या है? दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

(i) ब्रैडले

(ii) लाइबनीज

(iii) रसेल

(iv) हेगेल

*कूट :*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (ii) | (i) |

**32.** Which one of the following is ***not*** the correct sequence ?

(A) *Sainhitā, Brahmana, Āraṇyaka*

(B) *Brahmana, Āraṇyaka, Upaniṣada*

(C) *Veda, Upaniṣada, Āraṇyaka*

(D) *Sanihitā, Āraṇyaka, upaniṣada*

**33.** Which one is the correct sequence of the following choose from the code below :

(i) *Udāharaṅa*

(ii) *Pratijñā*

(iii) *Hetu*

(iv) *Upanaya*

***Code :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**34.** The correct sequence of the following in Buddhist *Bhavachakra* is :

(A) *Spars'a, Vedanā, Tṛuṣnā*

(B) *Tṛuṣnā, Vedanā, Spars'a*

(C) *Tṛuṣnā, Spars'a, Vedanā*

(D) *Vedanā, Spars'a, Tṛuṣnā*

**35.** Which one of the following is a correctly matched ?

(A) Whatever is *sat* is momentary - Jaina

(B) The self of an elephant is bigger than that of an ant - Cāvāka

(C) *Isvara* can perceive with out sense-organs - Nyāya

(D) Inference is not a dependable source of knowledge - Vais'eṣika

32. निम्नलिखित में से कौनसा एक सही क्रम नहीं है?

(A) संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक

(B) ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद

(C) वेद, उपनिषद्, आरण्यक

(D) संहिता, आरण्यक, उपनिषद

33. निम्नांकित का सही क्रम क्या है? दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

(i) उदाहरण

(ii) प्रतिज्ञा

(iii) हेतु

(iv) उपनय

***कूट :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

34. बौद्ध भवचक्र का सही क्रम है :

(A) स्पर्श, वेदना, तृष्णा

(B) तृष्णा, वेदना, स्पर्श

(C) तृष्णा, स्पर्श, वेदना

(D) वेदना, स्पर्श, तृष्णा

35. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित है?

(A) जो सत् है वह क्षणिक है - जैन

(B) हाथी का आत्मा चींटी की आत्मा से बड़ा होता है - चार्वाक

(C) इन्द्रियों के बिना ईश्वर देख सखता है - न्याय

(D) अनुमान ज्ञान का विश्वसनीय स्रोत नहीं है - वैशेसिक

**36.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct one from the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Cārvāka | (i) | Validity of none of the pramāṇas |
| (b) | Madhyamika | (ii) | Validity of pratyakṣa only |
| (c) | Vais′eṣika | (iii) | Validity of pratyakṣa and anumāna |
| (d) | Sānikhya | (iv) | Validity of pratyakṣa, anumāna and Sabda |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**37.** The correct sequence of triple process in evolutionary theory of Sri Aurobindo is :

(A) Widening, Heightening and Integration

(B) Heightening, Widening and Integration

(C) Integration, Widening and Heightening

(D) Heightening, Integration and Widening

***The following question (Question No. 38 to 47) consist of two statements one labelled the "Assertion A" and the other labelled as "Reason R". Please examine these two statements carefully and decide if the Assertion A and the Reason R are individually true and if so, whether the Reason R is a correct explanation of the Assertion A. Choose your answers using the code below and mark your answer sheet accordingly.***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is ***not*** a correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**38.** ***Assertion (A) :*** Gandhiji identifies God with truth.

***Reason (R) :*** Truth is universal and all pervasive.

36. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये और निम्नोक्त कूट से सही उत्तर चुनिये :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | चार्वाक | (i) | किसी भी प्रमाण की अप्राभाविकता |
| (b) | माध्यमिक | (ii) | केवल प्रत्यक्षकी प्रामाणिकता |
| (c) | वैशेसिक | (iii) | प्रत्यक्ष और अनुमान की प्रामाणिकता |
| (d) | सांख्य | (iv) | प्रत्यक्ष, अनुमान एवं शब्द की प्रामाणिकता |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

37. श्री अरविन्द की विकास की त्रिविध प्रक्रिया का सही क्रम है :

(A) विस्तारण, उन्नयन एवं समाकलन

(B) उन्नयन, विस्तारण एवं समाकलन

(C) समाकलन, विस्तारण एवं उन्नयन

(D) उन्नयन, समाकलन एवं विस्तारण

***निम्नलिखित प्रश्न ( प्रश्न संख्या 38 से 47 ) में दो वक्तव्य हैं। एक को ''कथन A '' और दूसरे को ''कारण R '' कहा गया है। कृपया दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करें और यह निर्णय करें कि कथन A और कारण R पृथक श्थक सही हैं और यदि ऐसा है तो क्या कारण R कथन A का सही स्पष्टीकरण है। निम्नलिखित कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए और अपने उत्तर-पत्रक में तदनुसार अंकित कीजिए।***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, परन्तु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

38. ***कथन** (A) :* गाँधीजी ईश्वर को ही सत्य मानते हैं।

***कारण** (R) :* सत्य सार्वभौम और विभु है।

39. ***Assertion (A) :*** Locke made a distinction between primary and secondary qualities.

***Reason (R) :*** Locke sought to distinguish between appeornce and reality.

40. ***Assertion (A) :*** 'All human beings have a right to freedom' is a moral judgement.

***Reason (R) :*** It assets what ought to be.

41. ***Assertion (A) :*** According to Sartsre, we are responsible for every choice that make.

***Reason (R) :*** We feel that we could have done otherwise.

42. ***Assertion (A) :*** According to Ramaniya Saptabhanginaya is a false theory.

***Reason (R) :*** The coexistence of contradicting attributes in one and the same object at the same time is impossible.

43. ***Assertion (A) :*** Cārvākes argue that anumāna is never valid.

***Reason (R) :*** They say that the invariable concomittance between the Sādhya and hetu can never be established.

44. ***Assertion (A) :*** Descortes conceived of body and mind as entirely different entities interacting with each other.

***Reason (R) :*** Descortes was a rationalist who did not have faith in religious doctrines.

45. ***Assertion (A) :*** The study of moral philosophy is not worth undertaking.

***Reason (R) :*** Moral philosophers disagree with one another on the same moral issues.

46. ***Assertion (A) :*** A categorical imperative is an unconditional direction.

***Reason (R) :*** A good will is one which acts for the sake of duty alone.

47. ***Assertion (A) :*** The word Dharma is derived from the root *dhr* which means to 'support' to hold together'.

***Reason (R) :*** Caste duties really constitute *dharma* because they hold together the community.

39. ***कथन** (A) :* लॉक ने मूल गुणों और गौण गुणों में भेद किया।

***कारण** (R) :* लॉक ऑभास और वास्तविकता में भेद करना चाहते थे।

40. ***कथन** (A) :* 'सभी मनुष्यों को स्वतंत्रता का अधिकार है' यह एक नैतिक निर्णय है।

***कारण** (R) :* यह बताता है कि क्या होना चाहिए।

41. ***कथन** (A) :* सार्ज के अनुसार हम अपने द्वारा किए गए प्रत्येक चयन के लिए उत्तरदायी हैं।

***कारण** (R) :* हम महसूस करते हैं कि हम अन्यथा कुछ कर सकते थे।

42. ***कथन** (A) :* रामानुज के अनुसार सप्तभंगी न्याय एक मिथ्या सिद्धान्त है।

***कारण** (R) :* एक ही समय पर किसी एक वस्तु में विरोधी गुणधर्मों की साथ-साथ उपस्थिति असंभव है।

43. ***कथन** (A) :* चार्वाक तर्क देते हैं कि अनुमान कभी वैध नहीं होता।

***कारण** (R) :* वे कहते हैं कि साध्य और हेतु के बीच नियम साहचर्य कभी भी स्थापित नहीं किया जा सकता।

44. ***कथन** (A) :* देकार्त मन और देह को पूर्णत: भिन्न ऐसे द्रव्य मानता था जो पारस्परिक क्रियावादी होते हैं।

***कारण** (R) :* देकार्त ऐसे बुद्धिवादी थे जिनका धार्मिक सिद्धान्तों में विश्वास नहीं था।

45. ***कथन** (A) :* नैतिक दर्शन का अध्ययन करणीय कार्य नहीं है।

***कारण** (R) :* एक ही नैतिक समस्या के बारे में नैतिक दार्शनिक परस्पर मतभेद रखते हैं।

46. ***कथन** (A) :* निरपेक्ष आदेश एक प्रतिबंधरहित निर्देश है।

***कारण** (R) :* शुभ संकल्प केवल कर्तव्य के लिए ही कार्यरत होता है।

47. ***कथन** (A) :* धर्म धृ धातु से व्युत्पन्न है जिसका अर्थ 'धारण करना', साथ रखना है।

***कारण** (R) :* जाति कर्तव्य वास्तव में धर्म है क्योंकि वे समाज को एक साथ रखते हैं।

***Read the following passage and answer questions numbers from 48 to 50.***

The corpus of Vedic literature is not a homogeneous collection. Even the Ṛgveda alone is a collection of hymns seen or composed in the course of centuries. One can therefore hardly expect uniform value appreciation in all the works of this literature. Attempts have been made to show that in the Vedas and upanisads we find evolution of ideas. There is however remarkable continuity of ideas in the Vedas and the upanisads inspite of some differences in the views of individual teachers.

**48.** The vedic literature is not homogeneous because :

(A) The literature is voluminous

(B) The hymns of the Vedas are composed in the course of centuries

(C) Veda-Vyāsa divided the Vedas

(D) The literature is very old

**49.** Which one of the following is correct ?

(A) There is uniform value-appreciation in all the works of Vedic literature.

(B) There is no uniform value-appreciation in all the works of Vedic literature

(C) The Vedic literature possesses no value at all

(D) The Vedic literature is the creation of finite beings.

**50.** The attempts to show the evolution of ideas are found in :

(A) the Vedas but not in the upanishads

(B) both in the Vedas and upanishads

(C) the upanishads, but not in the Vedas

(D) neither in the upanishads nor in the Vedas

- o O o -

*निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 48 से 50 के उत्तर दीजिए।*

वैदिक वाङ्मय में एकरूपता नहीं है। केवल ऋग्वेद के मंत्र भी शब्ताब्दियों की कालावधि में दृष्ट हुए हैं या रचित हुए हैं। अत: इस वाङ्मय की सभी कृतियों में समरूप मूल्यों की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। वेदों और उपनिषदों में विचारों के विकास को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रयत्न किये गये हैं – ऐसा हम पाते हैं। यद्यपि वयैक्तिक गुरुओं की दृष्टि में कुछ भेद है तथापि वेदों एवं उपनिषदों के विचारों में महत्त्वपूर्ण सातत्य है।

**48.** वैदिक वाङ्मय एकरूपता नहीं है क्योंकि :

(A) वाङ्मय विशाल है।

(B) वेदों के मंत्रों की रचना शताब्दियों की कालावधि में हुई है।

(C) वेदव्यास ने वेदों को विभाजित किया है।

(D) वाङ्मय अतिप्राचीन है।

**49.** निम्नांकित में से कौन एक सही है?

(A) सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में एकरूप मूल्य दृष्टि है।

(B) सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में एकरूप मूल्य दृष्टि नहीं है।

(C) वैदिक वाङ्मय में मूल्य दृष्टि है ही नहीं।

(D) वैदिक वाङ्मय की रचना सीमित प्राणियों द्वारा की गयी है।

**50.** विचारों के विकास को प्रदर्शित करने के प्रयत्न पाये जाते हैं :

(A) वेदों में किन्तु उपनिषदों में नहीं

(B) वेदों और उपनिषदों दोनों में

(C) उपनिषदों किन्तु वेदों में नहीं

(D) न तो उपनिषदों में और न वेदों में

- o O o -

**Space For Rough Work**